**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1258**
**दिनांक 09.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**भारतीयों का निष्क्रमण**

**1258. श्री बसंत कुमार पांडा:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड, रूस–यूक्रेन युद्ध और अन्य युद्धों के दौरान अन्य देशों से निकाल कर भारत लाए गए छात्रों/व्यक्तियों की राज्य–वार कुल संख्या कितनी है; और

(ख) सरकार द्वारा उनके निष्क्रमण पर कुल कितना खर्च किया गया?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री वी. मुरलीधरन)**

(क) और (ख) **वंदे भारत मिशन:** मार्च 2022 तक "वंदे भारत मिशन" के तहत कोविड के दौरान 3.20 करोड़ लोगों (डिसइम्बार्केशन–1.60 करोड़ और इम्बार्केशन–1.60 करोड़) को सहायता प्रदान की गई है जिसमें एयर बबल व्यवस्थाएँ शामिल हैं। "वंदे भारत मिशन" के दौरान विदेश में स्थित भारतीय मिशनों/केंद्रों के माध्यम से भारतीय समुदाय एवं कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) से 22.54 करोड़ रु. (विशेष चार्टर्ड उड़ानों की व्यवस्था हेतु 15.59 करोड़ रु. और आवश्यकता के आधार पर अलग–अलग भारतीय नागरिकों की हवाई यात्रा पर 6.95 करोड़ रु.) खर्च किए गए।

**ऑपरेशन देवी शक्ति:** भारतीय वायु सेना (आईएएफ) और एयर इंडिया की 6 उड़ानों द्वारा "ऑपरेशन देवी शक्ति" के तहत कुल 669 व्यक्तियों को अफ़गानिस्तान से निकाला गया है। इसमें 448 भारतीय और 206 अफ़गानी हैं, जिनमें अफ़गानी हिंदू/सिख समुदाय के सदस्य और 15 विदेशी नागरिक शामिल हैं।

**ऑपरेशन गंगा:** फरवरी और मार्च 2022 में 18,282 भारतीय नागरिकों, मुख्यतः छात्रों को भारत सरकार द्वारा वहन की गई लागत पर 90 उड़ानों द्वारा यूक्रेन से भारत वापस लाया गया, जिनमें 76 वाणिज्यिक उड़ानें और 14 भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की उड़ानें थीं।

**ऑपरेशन कावेरी:** "ऑपरेशन कावेरी" के तहत भारत सरकार द्वारा वहन की गई लागत पर भारतीय वायुसेना की 18 उड़ानों, भारतीय नौसेना के जहाजों की 5 यात्राओं और 20 वाणिज्यिक उड़ानों की सहायता से 4,097 लोगों (136 विदेशियों सहित) को सूडान से भारत वापस लाया गया। इसमें चाड, मिस्र, इथियोपिया और दक्षिण सूडान के साथ लगी सूडान की सीमाओं के माध्यम से लाए गए 108 भारतीय नागरिक शामिल हैं।

**ऑपरेशन अजय:** अभी तक, 'ऑपरेशन अजय' के तहत भारत सरकार द्वारा वहन की गई लागत पर 6 विशेष उड़ानों द्वारा कुल 1343 लोग इज़राइल से भारत लौट आए हैं जिनमें 1309 भारतीय नागरिक, 14 ओसीआई कार्ड धारक और 20 नेपाली नागरिक शामिल हैं।

मंत्रालय के पास उपलब्ध राज्य/संघ राज्य क्षेत्र–वार विवरण अनुबंध–I में दिया गया है।

*****

**अनुबंध–I**

| 2020–21 और 2021–22 के दौरान वंदे भारत मिशन के तहत यात्रा करने वाले यात्रियों (आउटबाउंड और इनबाउंड) का विवरण (संख्या में)* | | |
|---|---|---|
| | | |
| **राज्य** | **इम्बार्कर्ड** | **डिसइम्बार्कर्ड** |
| अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 13 | 13 |
| आंध्र प्रदेश | 7561 | 118897 |
| असम | 35 | 349 |
| बिहार | 1573 | 12525 |
| चंडीगढ़ | 11610 | 17571 |
| दिल्ली | 5033140 | 4653599 |
| गोवा | 67389 | 75403 |
| गुजरात | 415118 | 411018 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 7247 | 4587 |
| कर्नाटक | 991406 | 967669 |
| केरल | 3654171 | 3732727 |
| मध्य प्रदेश | 4102 | 3797 |
| महाराष्ट्र | 2483462 | 1952571 |
| मणिपुर | 12 | 19 |
| ओडिशा | 723 | 5425 |
| पुदुचेरी | 1 | – |
| पंजाब | 287657 | 242611 |
| राजस्थान | 132290 | 168896 |
| तमिलनाडु | 1436967 | 1588072 |
| तेलंगाना | 943575 | 1045397 |
| उत्तर प्रदेश | 373677 | 687428 |
| पश्चिम बंगाल | 234420 | 252541 |
| कुल योग | 16086149 | 15941115 |

* 27.03.2022 को भारत से/भारत के लिए निर्धारित अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक यात्री सेवाओं की बहाली के साथ वंदे भारत मिशन 26.03.2022 को समाप्त हो गया।

**ऑपरेशन गंगा के तहत निकाले गए लोगों की राज्यवार सूची**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | लोगों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 4 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 682 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| 4 | असम | 53 |
| 5 | बिहार | 1003 |
| 6 | चंडीगढ़ | 52 |
| 7 | छत्तीसगढ | 210 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली | 5 |
| 9 | दमन और दीव | 5 |
| 10 | दिल्ली | 681 |
| 11 | गोवा | 18 |
| 12 | गुजरात | 1020 |
| 13 | हरियाणा | 1436 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 289 |
| 15 | जम्मू एवं कश्मीर | 128 |
| 16 | झारखंड | 158 |
| 17 | कर्नाटक | 615 |
| 18 | केरल | 3343 |
| 19 | लक्षद्वीप | 4 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 412 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1025 |
| 22 | मणिपुर | 23 |
| 23 | मेघालय | 40 |
| 24 | मिज़ोरम | 1 |
| 25 | नगालैंड | 4 |
| 26 | ओडिशा | 397 |
| 27 | पुदुचेरी | 28 |
| 28 | पंजाब | 609 |
| 29 | राजस्थान | 934 |
| 30 | सिक्किम | 26 |
| 31 | तमिलनाडु | 1479 |
| 32 | तेलंगाना | 667 |
| 33 | त्रिपुरा | 32 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1917 |
| 35 | उत्तराखंड | 257 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 343 |
| 37 | राज्य का नाम उपलब्ध नहीं है | 272 |
|  | कुल | 18282 |

**<u>ऑपरेशन कावेरी के तहत निकाले गए लोगों की राज्यवार सूची</u>**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **लोगों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 106 |
| 2 | असम | 13 |
| 3 | बिहार | 370 |
| 4 | चंडीगढ़ | 1 |
| 5 | छत्तीसगढ | 3 |
| 6 | दिल्ली | 27 |
| 7 | गुजरात | 492 |
| 8 | हरियाणा | 39 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 25 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 1 |
| 11 | झारखंड | 62 |
| 12 | कर्नाटक | 418 |
| 13 | केरल | 172 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 20 |
| 15 | महाराष्ट्र | 337 |
| 16 | मणिपुर | 1 |
| 17 | नगालैंड | 3 |
| 18 | ओडिशा | 86 |
| 19 | पंजाब | 62 |
| 20 | पुदुचेरी | 7 |
| 21 | राजस्थान | 87 |
| 22 | तमिलनाडु | 244 |
| 23 | तेलंगाना | 129 |
| 24 | उत्तर प्रदेश | 800 |
| 25 | उत्तराखंड | 24 |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 52 |
| 27 | राज्य का नाम उपलब्ध नहीं है | 234 |
|  | *कुल भारतीय नागरिक* | *3961* |
|  | विदेशी नागरिक (ब्रिटिश–3 + सूडानी–124 + नेपाली–9) | 136 |
|  | कुल योग (3961 + 136) | 4097 |

**<u>ऑपरेशन अजय के तहत वापस लाए गए लोगों की राज्यवार सूची</u>**

| **क्र.सं.** | **राज्य** | **लोगों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 45 |
| 2 | असम | 20 |
| 3 | बिहार | 29 |
| 4 | छत्तीसगढ | 6 |
| 5 | दिल्ली | 36 |
| 6 | गोवा | 3 |
| 7 | गुजरात | 34 |
| 8 | हरियाणा | 28 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 18 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 9 |
| 11 | झारखंड | 13 |
| 12 | कर्नाटक | 39 |
| 13 | केरल | 121 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 14 |
| 15 | महाराष्ट्र | 108 |
| 16 | मणिपुर | 23 |
| 17 | मेघालय | 2 |
| 18 | मिज़ोरम | 1 |
| 19 | नगालैंड | 2 |
| 20 | ओडिशा | 20 |
| 21 | पंजाब | 9 |
| 22 | राजस्थान | 33 |
| 23 | सिक्किम | 11 |
| 24 | तमिलनाडु | 131 |
| 25 | तेलंगाना | 70 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 145 |
| 27 | उत्तराखंड | 14 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 248 |
| 29 | राज्य का नाम उपलब्ध नहीं है | 77 |
| | *कुल भारतीय नागरिक* | *1309* |
| | ओसीआई कार्ड धारक (14) और नेपाली (20) | 34 |
| | कुल योग (1309 + 34) | 1343 |

*****